समय : 3 घंटा 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश : पूर्ववत्

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखिए— 10

(क) देशभक्ति, (ख) बेरोजगारी की समस्या, (ग) भ्रष्टाचार के उन्मूलन के उपाय।

2. अपने पिता को एक पत्र लिखिये, जिसमें अपने विद्यालय के वार्षिक पुरस्कार-वितरण का वर्णन कीजिए। 6

अथवा, सड़कों की दुर्दशा पर खेद और चिंता प्रकट करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष को पत्र लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच वाक्यों को शुद्ध कीजिए— 5×1=5

(क) उसका प्राण निकल गया। (ख) मैंने रोटी खाये।
(ग) शिक्षक ने मुझ आज्ञा दिया। (घ) मुझे रोटी खाना चाहिए।
(ङ) मुझे चिट्ठी लिखना है। (च) सड़क लंबा है।

4. संधि के भेद सोदाहरण लिखिए। 5

5. निम्नलिखित प्रश्नों के बहुवैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर दें— 5×1=5

(i) 'बातचीत' के माध्यम से बालकृष्ण भट्ट क्या बतलाना चाहते हैं?
(क) बातचीत की शैली (ख) भाषण की शैली
(ग) संवाद की शैली (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) 'ओ सदानीरा' शीर्षक पाठ किस विधा के अंतर्गत आता है?
(क) कहानी (ख) निबंध (ग) कविता (घ) शब्द-चित्र

(iii) शमशेर बहादुर सिंह की रचना कौन-सी है?
(क) उषा (ख) पुत्र-वियोग
(ग) जन-जन का चेहरा एक है (घ) हार-जीत

(iv) 'एक लेख और एक पत्र' के लेखक हैं—
(क) मोहन राकेश (ख) ओमप्रकाश वाल्मीकि
(ग) नामवर सिंह (घ) भगत सिंह

(v) कौन से कवि छायावादी नहीं है?
(क) जयशंकर प्रसाद (ख) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(ग) सुमित्रानन्दन पंत (घ) रघुवीर सहाय

6. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें— 5×1=5

(i) हमारी भीतरी मनोवृति प्रति क्षण ....... रंग दिखाया करती है। (नया-नया/नए-नए)

bsebcareer.com

(ii) अजगर करै न चाकरी, पंछी करै न काम।
दास मलूका कह गए, सबके दाता...........।। ( राम/आम )

(iii) वैशाली में ................ का जन्म हुआ। ( महात्मा बुद्ध/भगवान महावीर )

(iv) फूल मरै पर .............. ना बासू। ( मरै/उड़ें )

(v) वह तिरिछ है, काले नाग से ......गुना ज्यादा उसमें जहर होता है। ( सौ/दस )

7. किन्हीं पाँच के समास बताइए— 5×1=5

चौराहा, राजपुत्र, सुख-दुःख, चारपाई, नीलकंठ, त्रिपुरारी, गजानन, यथाशीघ्र।

8. सर्वनाम किसे कहते है? उसके भेदों को स्पष्ट कीजिए। 5

9. सही जोड़े का मिलान करें। 5×1=5

| | |
|---|---|
| (i) जे० कृष्णमूर्ति | (क) महाकवि थे |
| (ii) तुलसीदास | (ख) एक कहानी थे |
| (iii) तिरिछ | (ग) विश्व शिक्षक थे |
| (iv) हँसते हुए मेरा अकेलापन | (घ) आत्मकथात्मक अंश है |
| (v) जूठन | (ङ) एक डायरी साहित्य है |

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अति संक्षेप में दीजिए— 6×2=12

( क ) 'आर्ट ऑफ कनवरसेशन' क्या है?
( ख ) हरचरना अधिनायक के गुण क्यों गाता है?
( ग ) 'शिक्षा' का अर्थ क्या है?
( घ ) 'लहना सिंह' कौन था?
( ङ ) 'उषा' कविता में आकाश के बदलते रंगों का वर्णन करें।
( च ) भगत सिंह के अनुसार किस प्रकार की मृत्यु 'सुंदर' है?

11. वाक्य प्रयोग द्वारा किन्हीं पाँच का लिंग निर्णय कीजिए— 5×1=5

मेज, शंख, मोती, वसंत, सड़क, किताब, राख, श्रृंगार।

12. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य प्रयोग द्वारा अर्थ स्पष्ट कीजिए—

नाकों चने चबाना, कान में तेल डालना, सिर पर सवार होना, आँखों में गड़ना, हाथ के तोते उड़ना। 5×1=5

13. किसी एक छायावादी कवि का परिचय दीजिए। 5

अथवा, हिन्दी साहित्य की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

14. संक्षेपण कीजिए— 4

प्रकृति के दो रूप हैं—एक सुन्दर, दूसरा वेडौल। सच्चे कवि का हृदय दोनों में रमता है। किन्तु, जो प्रकृति के बाहरी सौन्दर्य का चयन अथवा उसकी रहस्मयता का उद्घाटन करता रह गया, वह कवि नहीं है। प्रकृति के सच्चे रूपों का चित्रण संस्कृत के प्राचीन कवियों में मिलते हैं। प्रबन्ध काव्यों में उसका संश्लिष्ट वर्णन हुआ हैं।

bsebcareer.com

2×4=8

15. सप्रसंग व्याख्या कीजिए—

(i) आदमी यथार्थ को जीत ही नहीं, यथार्थ की रचना भी है।

अथवा, नर-नारी पूर्ण रूप से समान हैं एवं उनमें एक के गुण दूसरे के दोष नहीं हो सकते।

(ii) है उल्लास विश्व पर छाया,
मेरा खोया हुआ खिलौना
अब तक मेरे पास न आया।

अथवा,

प्रतिभट कटक कटीले केते काटि काटि
कालिका सौ किलकि कलेऊ देती काल को।

16. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में कीजिए— 2×5=10

(i) चंद्रधर शर्मा गुलेरी जी की कहानी 'उसने कहा था' का सारांश लिखिए।

अथवा, 'कला कला के लिए' इस उक्ति को स्पष्ट कीजिए।

(ii) 'तुमुल कोलाहल कलह' कविता का सारांश लिखिए।

अथवा, सूरदास के किसी एक पद का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

bsebcareer.com